राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - हिंदी
पाठ - 15 : अनुराधा
कार्यपत्रक - 15

1. अनुराधा के चरित्र की ऐसी दो ऐसी विशेषताएँ लिखिए जिन्हें आप जीवन में अपनाना चाहेंगे औरकारण भी लिखिए।

2. ''डरकर ही आज मैं अपने समस्त भयों से मुक्त हो चुकी हूँ।'' अनुराधा के इस कथन से क्या तात्पर्य है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. 'यह अधिकार सिर्फ़ सबल के हिस्से ही आती है। निर्बल के लिए तो कर्त्तव्य और सिर्फ़ दायित्व ही आते हैं।' कहानी के इस विचार को आप आज के युग में कितना प्रासंगिक मानते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

4. 'अनुराधा' कहानी एड्स के बारे में हमें जागृत करने में किस हद तक सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए।

5. अनुराधा के परिवारवालों के व्यवहार के बारे में आपकी क्या राय है? कारण सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. 'अनुराधा' कहानी नारी के जीवन की किन-किन समस्याओं को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है? उल्लेख कीजिए।

7. इस कहानी की भाषा क्या भावों के अनुरूप है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

8. 'अनुराधा' कहानी की संवाद-योजना बहुत सशक्त है।' सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

9. कहानी के तत्वों के आधार पर यह कहानी कितनी खरी उतरी है? सिद्ध कीजिए।

10. एड्स की समस्या के समाधान के लिए आप कौन-कौन से सुझाव देना चाहेंगे? वर्णन कीजिए।